दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 26.03.2025

प्रकाशनार्थ

दिनांक 26.03.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों का विदाई समारोह (फेयरवेल पार्टी) का आयोजन एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में विद्यर्थियों द्वारा क्विज प्रतियोगिता, मूक नाट्य मंचन, विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम स्वागत गीत व नृत्य, संगीत, सोलो नृत्य, ग्रुप नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से **मिस्टर फेयरवेल कन्हैया सिंह एवं मिस फेयरवेल दीक्षा चौहान को चुना गया।**

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि विद्यार्थियों को अपने लक्ष्यबोध और चरित्र निर्माण के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को बहुआयामी व्यक्तित्व निर्माण का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वधर्म पालन करने के लिए प्रेरित किया।

राजनीति विज्ञान विभाग के प्रभारी श्री इन्द्रेश पाण्डेय ने एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को महाविद्यालय की अमूल्य निधि कहा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए उन्हें प्रेरित किया और शुभकामनाएं दी। साथ ही आयोजन के लिए एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया। **उनके कैरियर और भविष्य के लिए विभागीय प्राध्यापक डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. अखिल कुमार श्रीवास्तव, श्वेता सिंह ने शुभकामनाएं दी।**

कार्यक्रम का संचालन एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी शिवांगी सिंह और रीतिका ने किया। कार्यक्रम के नियोजन व संयोजन में प्रिंस यादव आदित्य, नित्यम की प्रमुख भूमिका रही। उक्त कार्यक्रम में एम.ए. राजनीति विज्ञान विषय के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, मीडिया एवं जनसम्पर्क